फोरम ऑफ द इलेक्शन मैनेजमेंट बॉडीज़ ऑफ साउथ एशिया (FEMBoSA)

प्रलिम्सि के लिये

FEMBoSA की 11वीं वार्षिक बैठक, भारत निर्वाचन आयोग, कोविड-19, दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन

मेन्स के लिये

FEMBoSA का संक्षिप्त परिचय एवं इसके उद्देश्य

चर्चा में क्यों?

हाल ही में भारत निर्वाचन आयोग ने वर्ष 2021 के लिये **फोरम ऑफ इलेक्शन मैनेजमेंट बॉडीज़ ऑफ साउथ एशिया (FEMBoSA)** की **11वीं वार्षिक बैठक** का उद्घाटन किया।

प्रमुख बिंदु

बैठक के बारे में :

- **आयोजन :** बैठक की मेज़बानी **भूटान के चुनाव आयोग** द्वारा वर्चुअल मोड में की गई थी।
  - **बैठक में शामिल राष्ट्र :** भारत सहित अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, मालदीव, नेपाल और श्रीलंका के प्रतिनिधिमंडल ने इस बैठक में भाग लिया।
- **अध्यक्षता:** भारत के चुनाव आयोग ने 2021-22 के लिये **भूटान के चुनाव आयोग** को फोरम ऑफ इलेक्शन मैनेजमेंट बॉडीज़ ऑफ साउथ एशिया (FEMBoSA) की ज़िम्मेदारी सौंपी।
  - भारत का चुनाव आयोग इस फोरम का वर्तमान अध्यक्ष है।
- **थिम्पू संकल्प :** वर्तमान महामारी की स्थिति के दौरान अध्यक्ष के कार्यकाल को दो साल तक बढ़ाने के लिये FEMBoSA सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव अपनाया गया था।
  - इससे पूर्व अध्यक्ष का कार्यकाल एक वर्ष का था।
- **बैठक का विषय (थीम) : 'चुनावों में प्रौद्योगिकी का उपयोग'।**
- **चुनाव का डिजिटलीकरण:** उन्नत तकनीकी का चुनाव प्रबंधन पर अधिक प्रभाव पड़ता है।
  - चुनावों को अधिक **सहभागी, सुलभ और पारदर्शी** बनाने के लिये प्रौद्योगिकी का व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है।
  - यह कोविड-19 महामारी के दौरान और अधिक महत्त्वपूर्ण हो गया है क्योंकि यह एक-दूसरे व्यक्ति के संपर्क को कम करने में मदद कर रहा है।

FEMBoSA के बारे में :

- **स्थापना :**
  - फोरम की स्थापना वर्ष 2012 में दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन **(SAARC) देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों (EMB) के प्रमुखों के तीसरे सम्मेलन** में की गई थी।
    - **सार्क में आठ सदस्य देश शामिल हैं:** अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, भारत, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका।
- **लक्ष्य:**
  - फोरम का लक्ष्य सार्क के चुनाव प्रबंधन निकायों (EMB) के सामान्य हितों के संबंध में आपसी सहयोग को बढ़ाना है।
- **उद्देश्य:**
  - सार्क देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों के बीच संपर्क को बढ़ावा देना।
  - एक-दूसरे से सीखने की दृष्टि से अनुभव साझा करना।
  - स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की दिशा में चुनाव प्रबंधन निकायों की क्षमताओं को बढ़ाने में एक-दूसरे का सहयोग करना।
- **महत्त्व :**

- FEMBoSA **लोकतांत्रिक विश्व के एक बहुत बड़े हिस्से का प्रतिनिधित्व** करता है और यह चुनाव प्रबंधन निकायों का एक सक्रिय क्षेत्रीय सहयोग संघ है।
- सुनहरे **मोतियों वाला इसका लोगो पारदर्शिता, निष्पक्षता, लोकतंत्र और सहयोग** के शाश्वत मूल्यों का प्रतीक है।

भारत निर्वाचन आयोग (ECI)

- ECI भारत में संघ और राज्य चुनाव प्रक्रियाओं के संचालन के लिये ज़िम्मेदार एक स्वायत्त संवैधानिक निकाय है।
- यह देश में **लोकसभा, राज्यसभा, राज्य विधानसभाओं, राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के चुनाव** का संचालन करता है।
- निर्वाचन आयोग की स्थापना 25 जनवरी, 1950 को संविधान के अनुसार की गई थी।

संवैधानिक प्रावधान:

- भारतीय संविधान का भाग XV चुनावों से संबंधित है और इन मामलों के लिये एक आयोग की स्थापना करता है।
- **संविधान के अनुच्छेद 324 से 329 तक चुनाव आयोग** और सदस्यों की शक्तियों, कार्य, कार्यकाल, पात्रता आदि से संबंधित हैं।
  - अनुच्छेद 324 चुनावों के पर्यवेक्षण, निर्देशन और नियंत्रण के लिये **चुनाव आयोग की नियुक्ति का प्रावधान** करता है।

संरचना:

- मूल रूप से आयोग में केवल एक निर्वाचन आयुक्त था लेकिन **चुनाव आयुक्त संशोधन अधिनियम 1989** के बाद इसे एक बहु-सदस्यीय निकाय बना दिया गया है।
- आयोग में वर्तमान में एक मुख्य निर्वाचन आयुक्त (CEC) और दो **निर्वाचन आयुक्त** (EC) हैं।
- निर्वाचन आयोग का **सचिवालय नई दिल्ली में स्थित** है।

स्रोत: पीआईबी

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/forum-of-the-election-management-bodies-of-south-asia-fembosa